Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:13 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:13 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 28 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 14 जुलाई 2026



वेकेशन के बाद मुंबई लौटे ऋतिक...पेज-3 पर

## प्रदेश में ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 100 सड़कें बंद

**देहरादून** | हमारे संवाददाता

प्रदेश में बारिश के बाद सड़कों पर जगह-जगह पत्थर गिरने व मलबा आने से 100 सड़के बंद हैं। इसमें अधिकतर सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों की हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक देहरादून में 10 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। बंद रास्तों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। अल्मोड़ा में पांच, रुद्रप्रयाग में चार, चमोली में 12, पिथौरागढ़ में 14 सड़कें बंद हैं। नैनीताल में हल्द्वानी-भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामगढ़ पुल के पास मार्ग धसने से भारी वाहनों की आवाजाही नहीं हो पा रही है। इस जिले में दो ग्रामीण सड़कें भी बंद हैं। उत्तरकाशी में ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्यानाचट्टी के पास बंद हैं। इस जिले में 10 ग्रामीण मार्ग भी मलबा आने से बंद हैं। इसके अलावा टिहरी जिले के नौ ग्रामीण मार्गों पर भी जगह-जगह मलबा आ गया है। जिससे मार्ग बंद हैं। बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश का सिलसिला रविवार को थमा तो गर्मी का एहसास हुआ। खासकर मैदानी इलाकों में दिन के समय उमस भरी गर्मी ने परेशान किया। वहीं, बारिश न होने की वजह से मैदान से लेकर पहाड़ तक तापमान में इजाफा दर्ज किया गया। उधर मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से सोमवार को प्रदेश के पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। रविवार सुबह मौसम साफ हुआ तो लोगों ने राहत की सांस ली। दिन चढ़ने के साथ तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। आंकड़ों पर नजर डालें तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री इजाफे के साथ 33.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बीते शनिवार को यह आंकड़ा एक डिग्री नीचे थे। रात का न्यूनतम तापमान भी 24.0 के साथ सामान्य रहा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इसके अलावा अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में भी बिजली चमकने के साथ तेज दौर की बारिश होने का अनुमान है। देहरादून में 13 जुलाई को दिन का अधिकतम तापमान 34 और रात का न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने के आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो 18 जुलाई तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहने की संभावना है।



## News कॉर्नर

### युवक से मारपीट, कान का पर्दा फटने का आरोप, पुलिस से कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पीडति का कहना है कि हमले में उसके कान का पर्दा फट गया, जिसका उसने सुशीला तिवारी चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) भी कराया है। मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। रेलवे कॉलोनी निवासी अनिल कुमार पुत्र हरिलाल रविदास ने थाना बनभूलपुरा में दी गई तहरीर में बताया कि 10 जुलाई की शाम वह बनभूलपुरा थाने के समीप शादाब कॉस्मेटिक की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान बक्शी सांगवान पुत्र बलवंत सिंह निवासी नैकाना, रामगढ़ वहां पहुंचा और कथित रूप से उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

### अवैध रूप से गोशाला संचालित करने पर पशुपालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

अल्मोड़ा। जिले के दूनागिरी क्षेत्र के रतखाल में अवैध रूप से गोशाला संचालित करने पर संबंधित पशुपालक के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी द्वाराहाट डॉ. महेंद्र कुमार ने कोतवाली द्वाराहाट में तहरीर दी। उन्होंने कहा कि ब्लाक द्वाराहाट के गांव रतखाल में बहादुर सिंह निवासी रतखाल के बिना पंजीयन के अवैध गोशाला चलाने की सूचना उन्हें मिली। इसके क्रम में रविवार को उन्होंने उपरोक्त गोशाला का टीम में तैनात डॉ. सरिता और स्टाफ के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि गोशाला में ऊपरी स्थान हर सिंह के प्लाट में दो कमरों और टीन शेड में 73 गोवंश (11 नर और 62 मादा) तथा नीचे की गोशाला में 83 गोवंश (11 नर और 72 मादा पाई गई। जिनके रहने के लिए पर्याप्त स्थान भी नहीं है।

23 विदेशी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया

## होर्मुज पर टोल को लेकर ईरानी संसद में बिल पेश

**नई दिल्ली** | एजेंसी

ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा और उसके प्रबंधन को लेकर संसद में स्ट्रैटेजिक एक्शन फॉर द सिक्योरिटी एंड सस्टेनेबल प्रोग्रेस ऑफ द स्ट्रेट ऑफ होरमुज एंड द पर्शियन गल्फ नामक विधेयक औपचारिक रूप से पेश किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह कदम अमेरिकी ड्रोन गिराए जाने की घटना के साथ ही उठाया गया है।

अजीजी ने कहा कि ईरान अपनी रेड लाइन्स की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन के मुद्दे पर। उन्होंने इसे पहला कदम बताते हुए संकेत दिया कि आने वाले समय में इस दिशा में और भी कदम उठाए जाएंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य में केश्म द्वीप के उत्तर में दो जहाजों की टक्कर के बाद ईरान ने एक बल्क कैरियर के 23 विदेशी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया। समाचार एजेंसी के अनुसार, टक्कर में बल्क कैरियर के ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचा और उसमें पानी भरने लगा। स्थिति बिगड़ने पर जहाज के कप्तान ने तत्काल आपातकालीन निकासी का आदेश दिया। जिसके बाद सभी 23 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित रूप से केश्म द्वीप पहुंचा दिया गया।



### भारतीय नागरिक की मौत पर केंद्र सरकार का एक्शन

विदेश मंत्रालय ने ओमान के तट पर व्यापारिक जहाजों पर हाल ही में हुए हमलों को लेकर ईरानी राजनयिकों (जिनमें डिप्टी चीफ ऑफ मिशन मोहम्मद जवाद होसैनी भी शामिल हैं) को तलब किया है। इस हमले में भारतीय नाविक की हत्या हुई है। यह राजनयिक कदम ओमान के समुद्री क्षेत्र में होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे संयुक्त अरब अमीरात के ध्वज वाले दो टैंकरों पर हुए हमले के बाद उठाया गया है। इसमें एक भारतीय चालक दल के सदस्य की मौत हो गई। वहीं, भारतीय नागरिकों सहित कई अन्य घायल हो गए। भारत ने ईरानी दूतावास से स्पष्टीकरण मांगा और हमले पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की।

## फेसबुक से हुई दोस्ती बनी मुसीबत, विवाह के बाद युवती को धमकाने का आरोप

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता

**शिकायत**
- एसएसपी से लगाई गुहार, कहा- रिश्तेदारों को भेज रहा अश्लील संदेश

फेसबुक पर हुई दोस्ती एक विवाहिता के लिए परेशानी का कारण बन गई है। हल्द्वानी निवासी एक युवती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोप लगाया है कि विवाह से पहले परिचित युवक अब उसकी शादीशुदा जिंदगी बर्बाद करने की धमकियां दे रहा है। युवती का कहना है कि आरोपी उसके रिश्तेदारों को अश्लील और आपत्तिजनक संदेश भेज रहा है तथा जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। पुलिस ने मामले की शिकायत मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

मानपुर पश्चिम ट्रांसपोर्ट नगर, तीनपानी बाईपास रोड निवासी ज्योति कश्यप ने एसएसपी को दी तहरीर में बताया कि करीब तीन वर्ष पहले उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से रुद्रपुर निवासी विकास कश्यप से हुई थी। शुरुआत में दोनों के बीच सामान्य मित्रता रही, लेकिन बाद में युवक ने विवाह का दबाव बनाना शुरू कर दिया। युवती का आरोप है कि आरोपी बिना इच्छा के उपहार देने और ऑनलाइन पैसे भेजने का प्रयास करता था, जिन्हें वह वापस कर देती थी। शिकायत में कहा गया है कि एक बार आरोपी उसे झांसा देकर हल्द्वानी के एक होटल में ले गया, जहां उसने किसी भी अनुचित हरकत से इनकार किया, लेकिन बाद में युवक लगातार उस पर शादी का दबाव बनाता रहा। विरोध करने पर वह उसके कार्यालय के बाहर पहुंचने लगा और साथ चलने का दबाव बनाते हुए मना करने पर घर जाकर हंगामा करने की धमकी देता था। युवती ने बताया कि फरवरी 2026 में उसका विवाह हो गया। विवाह की जानकारी मिलने के बाद आरोपी कथित तौर पर उसके मामा, भाई और अन्य रिश्तेदारों के व्हाट्सएप नंबरों पर आपत्तिजनक संदेश भेजने लगा। इतना ही नहीं, वह ससुराल का पता और फोन नंबर मांगते हुए इनकार करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

पीड़िता का कहना है कि आरोपी की लगातार हरकतों से उसका पूरा परिवार भयभीत है और वह स्वयं मानसिक तनाव से गुजर रही है। उसे आशंका है कि आरोपी उसके या उसके परिजनों के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। युवती ने एसएसपी से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा उसकी और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## नगर निगम का फुटपाथ पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, 8 चालान, सामान जब्त

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
- ठेला संचालकों से निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय करने की अपील की

नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम ने शहर में फुटपाथों को अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान मुखानी चौराहे से कार्यशाला तक फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

नगर निगम की टीम ने अभियान के दौरान 8 चालान कर 6 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। इसके अलावा दो वाहन/सामान जब्त किए गए। फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाए गए ठेलों को हटाया गया, जबकि एक ठेले को जब्त कर नगर निगम की अभिरक्षा में लिया गया। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि फुटपाथ पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए हैं और इन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों और ठेला संचालकों से निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय करने की अपील की। अभियान में नगर निगम के नोडल अतिक्रमण गणेश भट्ट, आई.पी. पंत, अमोल असवाल सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### जागेश्वर धाम में श्रावणी मेले के लिए फड़ों का आवंटन, सूची जारी

अल्मोड़ा। विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में 16 जुलाई से शुरू होने वाले एक माह के श्रावणी मेले की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मेले के लिए व्यापारियों को फड़ों का आवंटन कर दिया गया है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को आवंटित फड़ों की सूची जारी की गई। जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति के अनुसार मेले में कुल 69 फड़ों का आवंटन किया गया है। इनमें 26 फड़ स्थानीय व्यापारियों, दो फड़ महिला स्वयं सहायता समूहों और 41 फड़ अन्य व्यापारियों को आवंटित किए गए हैं। समिति ने चयनित व्यापारियों को निर्धारित स्थानों पर ही फड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही श्रावणी मेले के सफल आयोजन के लिए अन्य व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## तीन माह का रुका हुआ वेतन दिलवाने की मांग

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत वाइटल रेडियोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों द्वारा पिछले तीन माह से वेतन न मिलने की शिकायत पर कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने तत्काल संज्ञान लिया है।

उन्होंने नगर आयुक्त हल्द्वानी को मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए सभी कर्मचारियों का लंबित वेतन जल्द से जल्द दिलाने के निर्देश दिए हैं। कर्मचारियों ने कुमाऊं आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वे आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पूरी निष्ठा से अपनी सेवाएं दे रहे हैं लेकिन कंपनी प्रबंधन द्वारा अप्रैल, मई और जून 2026 का वेतन अब तक नहीं दिया गया है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, दैनिक खर्च और चिकित्सा जैसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो रहा है। इसके अतिरिक्त कुसुमखेड़ा स्थित सेन्टर को बन्द भी कर दिया गया है शिकायत के अनुसार प्रभावित कर्मचारियों में 10 चिकित्सक, 10 फार्मासिस्ट, 10 स्टाफ नर्स, 10 एमपीडब्ल्यू और 10 सफाई कर्मचारी शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त को आवश्यक कार्रवाई करने और सभी प्रभावित कर्मचारियों का लंबित वेतन शीघ्र भुगतान, बंद सेन्टर को खुलवाये जाने के संबंध में निर्देश दिए हैं।



# युवा उत्कृष्टता एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

साह-चौधरी समाज नैनीताल द्वारा आयोजित शैक्षिक उत्कृष्टता, युवा उत्कृष्टता एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन गोवर्धन हॉल गरिमापूर्ण वातावरण में हुआ। समारोह में समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं, वरिष्ठ नागरिकों, साहित्यकारों तथा समाज के बिभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया।



समारोह के मुखय अतिथि ब्लॉक प्रमुख बेतालघाट अंकित साह एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत महाप्रबंधक नाबार्ड प्रकाश चौधरी रहे। समाज की कार्यकारिणी द्वारा दोनों अतिथियों का मोमेंटो, पारंपरिक ऐपण एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके पश्चात दोनों अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में समाज की एकता, शिक्षा, संस्कार एवं युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए साह.चौधरी समाज के इस प्रयास की सराहना की। समारोह में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिश्नी देवी साह सम्मान से नवीन लाल साह एवं सुरेश लाल साह को सम्मानित किया गया वहीं दूसरी ओर साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ. बिश्ना साह एवं अमिता साह को सम्मान प्रदान किया गया। वरिष्ठ नागरिक सम्मान से बिहारी लाल साह (हॉकी), शिरीष चंद्र साह जगाती (क्रिकेट), कैप्टन (सेनि.) ललित मोहन साह (शिक्षा एवं खेल), दुर्गा दास साह (समाजसेवा एवं चिकित्सा), भानु साह (प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी),प्रेमा साह (तैराकी), तथा 90 वर्ष से अधिक आयु में भी समाजसेवा के लिए समर्पित मोहिनी साह को सम्मानित किया गया वहीं विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ज्योति साह एवं श्रीवारी साह को उनके माता पिता के साथ सम्मानित किया गया। युवा उत्कृष्टता सम्मान से अजय साह (क्रिकेट), शिशिर साह (फुटबॉल),गौतम साह (तैराकी), एवं अक्षय साह (विशेष स्पर्धा क्रिकेट) को सम्मानित किया गया। समारोह में शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मान के अंतर्गत कक्षा 12 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले अश्लेषा साह, मान्यता साह, शांभवी साह, आस्था साह, गायत्री चौधरी, उत्कर्ष साह, वैभव चौधरी एवं श्रेयश साह को समानित किया गया, वहीं कक्षा 10वीं में अरुणभ गंगोला, अविरल साह, एकता चौधरी, प्रियंजलि साह, अनुभा साह,अर्नव साह,अनविता साह व तक्षम साह को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व समारोह में समाज के अध्यक्ष मनोज साह ने सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं का स्वागत करते हुए समाज की एकजुटता एवं शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र साह ने किया।

समारोह की कामयाबी में सचिव शैलेन्द्र चौधरी, पद्मश्री अनूप साह, हितेश साह, भारती साह, मयंक साह, हर्षित साह, अखिल साह, मोहित लाल साह, किशन लाल साह, दीपा चौधरी, सुरेश चौधरी, मनोज साह, ललित मोहन साह, बिमल साह, विमल चौधरी, विनय रंजन साह, डा.विनीता साह, राखी साह, कविता गंगोला, अमिता साह, तुसी अनित साह, आलोक साह, पार्थ साह सहित समाज के सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं समाजबंधुओं का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## नरेश पांडे प्रकरण: दूसरी युवती की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

**नैनीताल** । भवाली व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पांडे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली पहली शिकायतकर्ता युवती के खिलाफ भी दूसरी युवती की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। गौरतलब है कि नैनीताल के एक शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्रा ने नरेश पांडे पर शारीरिक शोषण, दबाव बनाकर गर्भपात कराने समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए मल्लीताल कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में नरेश पांडे की अग्रिम जमानत याचिका पहले निचली अदालत और बाद में हाईकोर्ट से भी खारिज हो चुकी थी। जिसके बाद वह कुछ समय के लिए फरार हो गया लेकिन दूसरी युवती की शिकायत पर पुलिस ने बीते मंगलवार देर रात नरेश पांडे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। इसी प्रकरण में दूसरी युवती ने पहली शिकायतकर्ता पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में पहली शिकायतकर्ता पर भी ब्लैकमेलिंग, शारीरिक शोषण कराने तथा जबरन शारीरिक संबंध बनवाने जैसे आरोप लगाए गए हैं।



## उत्तराखंड सब जूनियर सेपक टाकरा टीम चयन हेतु ट्रायल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 29वीं सब जूनियर सेपक टाकरा (बालक-बालिका) राष्ट्रीय चैंपियनशिप जो जम्मू कश्मीर में आगामी 6 से0 10 सितंबर को आयोजित होने वाली है के लिए सोमवार को द सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में उत्तराखंड सब जूनियर (बालक-बालिका) सेपक टाकरा टीम के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन एमेनिटी पबलिक स्कूल में कराया गया। बता दें ट्रायल में विभिन्न जनपदों से 30 खिलाड़ियों ने ट्रायल हेतु प्रतिभाग किया। चयन ट्रायल प्रक्रिया में विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों के मध्य मैच एवं उनकी तकनीकी परीक्षण का आयोजन कर चयन ट्रायल को संपन्न कराया गया। चयन ट्रायल में जिला ओलंपिक संघ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेपक टकरा खिलाड़ी डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा समेत लोकेश पाण्डेय, जया पाण्डेय, गौरव बिनवाल, श्वेता भाकुनी, किरण मौर्य तथा योगेश पांडेय सहित अनेको राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उपस्थित रहे। संघ के महासचिव आनंद सिंह खंपा ने बताया कि टीम की घोषणा सभी खिलाड़ियों के प्रपत्रों की जांच करने के उपरांत की जाएगी। चयनित टीम का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु टीम को भेजा जाएगा।

## कुविवि के कुलपति प्रो. रावत ने किया लेखक गृह का उद्घाटन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजनपीठ में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से नवनिर्मित अमृतलाल नागर स्मृति लेखक गृह का उद्घाटन वैदिक संस्कारों के अनुरूप कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर पूजा और हवन माता वैष्णो देवी मंदिरए तल्लीताल नैनीताल के पुजारी दिनेश काण्डपाल द्वारा संपन्न कराए गए।

बता दें महादेवी वर्मा सृजनपीठ परिसर में लेखक गृह का निर्माण होने से लेखक यहाँ ठहरकर लेखन कार्य कर सकेंगे। लगभग 90 वर्ष पूर्व हिंदी की सुप्रसिद्ध कवयित्री महादेवी वर्मा जिस सृजनात्मक एकांत की तलाश में सुदूर इलाहाबाद से रामगढ़ आई थीं लेखक यहाँ ठहरकर उसी रचनात्मक एकांत का अनुभव कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि उपन्यासकार अमृतलाल नागर के जन्मशताब्दी वर्ष पर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा महादेवी वर्मा सृजनपीठ को यह परियोजना स्वीकृत की गई थी। लेखक गृह का निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, निर्माण इकाई हल्द्वानी द्वारा किया गया। लेखक गृह के उद्घाटन अवसर पर महादेवी वर्मा सृजनपीठ के निदेशक प्रो, शिरीष कुमार मौर्य, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. चन्द्रकला रावत समेत पीठ समन्वयक मोहन सिंह रावत, सहायक अभियंता संजय पंत सहित नंदकिशोर जोशी, राजन सिंह बिष्ट, बहादुर सिंह कुँवर, ललित नेगी, भुवन चन्द्र जोशी, सुरेंद्र सिंह नेगी तथा केदार सिंह आदि उपस्थित थे।



## NEWS / फटाफट

### सड़क पर वाहन पार्क करने वाले 17 वाहन चालक नपे

**नैनीताल** । नैनीताल में इन दिनों फिर टैक्सी व निजी वाहन सड़क किनारे पार्क होने से यातायात प्रभावित होने लगा है। पुलिस की ओर से सड़क पर वाहन पार्क कर यातायात को प्रभावित करने वालों के खिलाफ ऑनलाइन चालान किए गए हैं। बता दें सोमवार को पुलिस ने गश्त शुरू की। तल्लीताल में नेश्नल होटल व लेकब्रिज चुंगी के आसपास से पुलिस ने वाहनों को हटवाया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ रोजाना कार्रवाई जारी है। बताया कि सोमवार को भी 17 वाहन चालकों के चालान किए।

### मारपीट की बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस गश्त तेज

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में बढ़ रही मारपीट और आपसी विवाद की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी है। बता दें बीते एक महीने में मोहनको चौराहा, गाड़ी पड़ाव, रिकशा स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में मामूली कहासुनी के बाद हाथापाई के कई मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मारपीट या कानून.व्यवस्था से जुड़ी किसी भी सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। हाल के दिनों में बढ़ती घटनाओं को देखते हुए मोहनको चौराहा तथा गाड़ी पड़ाव समेत अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। साथ ही संदिग्ध और असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### स्कूटी से गिरकर 65 वर्षीय महिला घायल

**नैनीताल** । नगर के समीपवर्ती ताकुला क्षेत्र में स्कूटी से गिरकर बुजुर्ग महिला घायल हो गई। महिला को बीडी पांडे अस्पताल में उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार ताकुला गांव निवासी 65 वर्षीय माया जोशी सोमवार को स्कूटी से नैनीताल को आ रहीं थीं। इस दौरान नैनीताल को आते समय अचानक चक्कर आने के कारण वह स्कूटी से सड? पर गिरकर घायल हो गई। हादसे में उनके चेहरे और मुंह पर चोटें आई। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें निजी वाहन से बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार किया गया। अस्पताल की प्रभारी पीएमएस डॉ. द्रौपदी गर्बियाल ने बताया कि महिला के चेहरे और मुंह में चोट आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य पाई गई जिसके चलते उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड्ने हेतु कई योजनाएं



**नैनीताल** । भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने सोमवार को नैनीताल विधानसभा के तहत भीमताल ब्लाक के ग्राम सभा बोरागांव में भ्रमण कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान डा.आर्य ने कहा कि बेरोजगारी के इस दौर में बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड्ने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। उन्होंने लोगों से प्राथमिकता के आधार पर इन योजनाओं का लाभ उठाने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से जारी कार्यक्रमों में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से प्राथमिकता से भागीदारी का आह्वान किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने डा.आर्य का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिंह बिष्ट,प्रताप सिंह नगरकोटी नाई शीला ग्राम प्रधान, चंपा बिष्ट पूर्व प्रधान,संगीता टमटा महिला मोर्चा महामंत्री समेत स्नेहा,नीमा मेहरा, ज्योत्सना मेहरा,मनोहर लाल, कैलाश बिष्ट, लीला देवी, महेंद्र प्रसाद,भगवती देवी,पंकज,गौरव,दीपा देवी, हिंमाशु पाण्डे क्षेत्र पंचायत सदस्य,कैलाश बिष्ट,मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## कर्तव्य निर्वहन के दौरान दिवंगत हुए डॉ. नवीन डिमरी को दी श्रद्धांजलि

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणबगड़ (चमोली) के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ उत्तराखंड की चमोली इकाई के कोषाध्यक्ष डॉ. नवीन चंद्र डिमरी के आकस्मिक निधन पर सोमवार को बीडी पांडे अस्पताल में शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संघ ने प्रदेश और केंद्र सरकार से डॉ. डिमरी को ऑन ड्यूटी शहीद का सममान देने और उनके आश्रितों को सभी देयकों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

डाकटरों ने बताया कि डॉ. नवीन चंद्र डिमरी का 11 जुलाई को प्राकृतिक आपदा के दौरान शासकीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए आकस्मिक निधन हो गया था। बताया गया कि वह अंतिम समय तक जनसेवा और चिकित्सकीय दायित्वों के प्रति पूरी तरह समर्पित रहे। सोमवार सुबह अंतिम संस्कार के बाद प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ की कोर कमेटी की आपात बैठक में निर्णय के बाद अपराह्न एक बजे प्रदेश के सभी अस्पतालों में शोक सभा आयोजित की गई। बीडी पांडे अस्पताल में भी शोक सभा रख उनको श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा के बाद ओपीडी बंद कर आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं और पोस्टमार्टम सेवाएं जारी रखी गई। डाकटरों ने प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार से मांग की है कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान दिवंगत हुए डॉण् नवीन चंद्र डिमरी को ऑन.ड्यूटी शहीद का सममान प्रदान किया जाए। इस दौरान अस्पताल की प्रभारी पीएमएस डॉ. द्रौपदी गर्बियाल, डॉ. नरेंद्र रावत, डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव, डॉ. गरिमा कांडपाल व डॉ. अनिरुद्ध गंगोला समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने की मंडल सोशल मीडिया संयोजकों की घोषणा

**नैनीताल** । भारतीय जनता पार्टी ने संगठन की डिजिटल शक्ति को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में जिला नैनीताल के विभिन्न मंडलों के लिए सोशल मीडिया संयोजकों की घोषणा कर दी है। भाजपा जिला सोशल मीडिया संयोजक रत्नेश साह द्वारा यह घोषणा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की सहमति, जिला प्रभारी खिलेंद्र चौधरी एवं जिला सह प्रभारीश्रीपाल राणा की संस्तुति के उपरांत की गई।

नैनीताल विधानसभा -58 के तहत प्रियंशु कुमार को नैनीताल नगर मंडल,हितेश सिंह बिष्ट को नैनीताल ग्रामीण मंडल,नीतीश शर्मा को भवाली मंडल,राहुल तिवारी को गरमपानी मंडल तथा दीपक रिखाड़ी बेतालघाट मंडल की जिमेदारी सौंपी गयी है। इसके अलावा महेन्द्र रस्तोगी को कोटाबाग मंडल,भगवान चौहान को लामाचौड़ मंडल,अमित कुमार को मालधनचौड़ मंडल तथा नरेन्द्र बहुगुणा को बिठौरिया मंडल की जिममेदारी सौंपी गयी है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## विकास में बाधक

*स्मार्ट फोन, टैबलेट और अन्य डिजिटल उपकरण बच्चों के विकास में बाधक बनने के साथ बीमारी का कारण साबित हो रहे हैं। दो साल से कम उम्र के शिशु को स्मार्ट फोन दिखाना खतरनाक होता जा रहा है। बच्चों के स्क्रीन टाइम का अध्ययन किया गया है। इसके लिए अभिभावक जिम्मेदार हैं। माता-पिता अनजाने में बच्चों को स्क्रीन डिवाइस की हानिकारक आदत डाल देते हैं और बच्चों के साथ स्वयं कम समय बिताते हैं। दो वर्ष से कम और दो से चार वर्ष के बच्चों द्वारा स्क्रीन का इस्तेमाल करने से विकास से जुड़ी कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।*

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नये शोध से दिनचर्या सुविधाजनक हो गई है। उपकरणों का सदुपयोग नहीं करने से परेशानी उत्पन्न हो जाती है। पूरी दुनिया में नौनिहाल देश का भविष्य होते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। वर्तमान में स्मार्ट फोन, टैबलेट और अन्य डिजिटल उपकरण बच्चों के विकास में बाधक बनने के साथ बीमारी का कारण साबित हो रहे हैं। दो साल से कम उम्र के शिशु को स्मार्ट फोन दिखाना खतरनाक होता जा रहा है। बच्चों के स्क्रीन टाइम का अध्ययन किया गया है। इसके लिए अभिभावक जिम्मेदार हैं। माता-पिता अनजाने में बच्चों को स्क्रीन डिवाइस की हानिकारक आदत डाल देते हैं और बच्चों के साथ स्वयं कम समय बिताते हैं। दो वर्ष से कम और दो से चार वर्ष के बच्चों द्वारा स्क्रीन का इस्तेमाल करने से विकास से जुड़ी कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार शिशुओं को स्मार्ट फोन के स्क्रीन दिखाना आंखों के लिए हानिकारक है। दो साल से अधिक उम्र के बच्चों को प्रतिदिन एक घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम नहीं देना चाहिए। बच्चों को डिजिटल उपकरण से पूरी तरह दूर रखकर माता-पिता, परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा बच्चों को गाइडेंस मिलनी चाहिए। हमउम्र बच्चों के साथ खेलने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। स्क्रीन टाइम अधिक होने से मोटापा और नींद कम होने की समस्या उत्पन्न होती है। पिछले कई वर्षों में चश्मा लगाने वाले बच्चों की संख्या बढ़ गई है, जबकि चश्मा लगाने वाले किशोर आयु के छात्र-छात्राओं की संख्या नगण्य होती थी। बच्चों का सही विकास, संस्कार और सुरक्षा के लिए सबसे अधिक माता-पिता की देखभाल जरूरी होती है। यह भी देखने में आया है कि माता-पिता अपने बच्चे की तारीफ करते हुए कहते हैं कि दो साल की उम्र में ही वह स्मार्ट फोन खोलना सीख गया है। कार्टून और अन्य सामग्री अधिक पसंद करता है। एक तरह से इसी अवस्था से स्क्रीन की लत पड़ जाती है। सोशल मीडिया पर हानिकारक, अश्लील व आपराधिक सामग्री परोसी जाने से किशोर व युवाओं में आपराधिक प्रवृति बढ़ रही है। बच्चों के लिए हानिकारक तथा भ्रामक सामग्री स्क्रीन पर मौजूद है। स्क्रीन की लत पड़ने पर बच्चे पुस्तक पढ़ने और लिखने से कतरा रहे हैं। दो साल की उम्र में ही कलम पकड़ने का तरीका सिखाया जाना चाहिए। खिलौनों से मनोरंजन के साथ शिक्षाप्रद ज्ञान मिलता है।

# श्रद्धालुओं को सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए किया रवाना



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत संचालित द्वितीय स्तंभ 'यात्रा' कार्यक्रम के तहत जनपद ऊधमसिंहनगर से चयनित श्रद्धालुओं के दल को अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर पवित्र सोमनाथ धाम के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा की सफलता एवं मंगलमय प्रवास की कामना की। एडीएम ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय अभियान के क्रम में उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य में श्रृंखला के अंतर्गत श्रद्धालुओं को सोमनाथ धाम की यात्रा कराई जा रही है, ताकि वे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ सकें। उन्होंने बताया कि कि इस यात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। महिलाओं, युवा पेशेवरों, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वयंसेवकों, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों, शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के अलग-अलग समूहों को यात्रा में शामिल किया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को भारत की सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय विरासत से जोड़ना है।श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यात्रियों के साथ चिकित्सक दल एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, अटूट आस्था, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। यह यात्रा श्रद्धालुओं को भारत के गौरवशाली इतिहास, आध्यात्मिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक परंपराओं को निकट से समझने का अवसर प्रदान करेगी। ऐसे आयोजन राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।यात्रा के दौरान श्रद्धालु सोमनाथ मंदिर दर्शन, सोमनाथ संकल्प संवाद, लाइट एंड साउंड शो,भजन संध्या,फ्लैग मार्च,महाआरती, प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा स्थानीय दर्शनीय स्थलों के भ्रमण में सहभागिता करेंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें सोमनाथ के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से भी अवगत कराया जाएगा, जिससे भारत की प्राचीन विरासत के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना को और अधिक बल मिलेगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी/महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुओं के परिजन मौजूद रहे।

## 31वीं वाहिनी पीएसी कर्मी की अचानक बिगड़ी हालत, मृत्यु, ड्यूटी कर घर पहुंचते बिगड़ गई थी तबियत

रुद्रपुर। अचानक तबियत बिगड़ने पर पीएसी कर्मचारी को परिवार के लोग उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

31वीं वाहिनी पीएसी में तैनात 36 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह रावत पुत्र लाल सिंह परिवार के साथ चौकी बगवाड़ा क्षेत्र में रहते थे। सोमवार को चार बजे तक उनकी डयूटी थी। जिसके बाद रवानगी कर वह घर चले गए। बताया जा रहा है कि वह घर के बाहर खड़े थे, तभी अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर गए। जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट भी आई। परिवार के लोग व आसपास के लोग उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बगवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिंगवाल पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। उधर परिवार में कोहराम मच गया।

# किच्छा में मिनी स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया शुरू, सीएम धामी के नेतृत्व में विकास को मिली नई गतिः राजेश शुक्ला

किच्छा

हमारे संवाददाता




पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के सतत प्रयासों से किच्छा में बहुप्रतीक्षित मिनी स्टेडियम निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठ गया है। सोमवार को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ किच्छा स्थित इंदिरा गांधी खेल मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्तावित मिनी स्टेडियम के निर्माण को लेकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की।

बीते दिनों पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर किच्छा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मिनी स्टेडियम के निर्माण की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री ने युवाओं की आवश्यकताओं एवं क्षेत्र के खेल विकास को प्राथमिकता देते हुए तत्काल जिला विकास प्राधिकरण को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में अधिकारियों ने निरीक्षण कर निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। निरीक्षण के दौरान जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के वीसी जय किशन ने बताया कि प्रस्तावित मिनी स्टेडियम में क्रिकेट पिच, बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम सहित विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। निरीक्षण कर लिया गया है तथा शीघ्र ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट एवं एस्टीमेट तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

पूर्व विधायक ने प्रदेश के सीएम धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। किच्छा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री सदैव संवेदनशील रहे हैं और क्षेत्र की प्रत्येक जनहितकारी मांग पर सकारात्मक निर्णय लिया गया है। कहा कि मिनी स्टेडियम का निर्माण किच्छा के युवाओं के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी, उनकी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलेगा तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्टीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने से युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा का विकास होगा, जिससे क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई पहचान मिलेगी। किच्छा में मिनी स्टेडियम का निर्माण भी इसी विकासवादी सोच का परिणाम है, जिससे आने वाले वर्षों में क्षेत्र के हजारों युवा लाभान्वित होंगे।इस दौरान अध्यक्ष गोल्डी गोराया, मनमोहन सक्सेना, पूरन भट्ट,नितिन फुटेला,विजय अरोड़ा,अंशुल गंगवार धर्मराज जयसवाल, चंदन जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## वेकेशन के बाद मुंबई लौटे ऋतिक रोशन, दोनों बेटों के साथ





*ऋतिक रोशन हाल ही में अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद और दोनों बेटों के साथ फैमिली आउटिंग पर विदेश गए थे। लेकिन वह अब मुंबई लौट आए हैं।*

*बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद और अपने दोनों बेटों के साथ छुट्टियां बिताकर मुंबई वापस लौट आए हैं। मंगलवार सुबह उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ऋतिक रोशन एयरपोर्ट पर काले रंग के कैजुअल कपड़ों, सफेद टी-शर्ट, काली टोपी और स्नीकर्स पहने हुए बेहद सिंपल लुक में नजर आए। इस दौरान ऋतिक के साथ उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद और उनके दोनों बेटे भी थे। सबा के हाथ में सफर का कुछ सामान और तकिया था। सबा का ऋतिक के दोनों बेटों के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है और वे अक्सर साथ में छुट्टियां मनाने जाते हैं। ऋतिक रोशन की शादी पहले दिग्गज अभिनेता और निर्माता संजय खान की बेटी सुजैन खान से हुई थी। साल 2014 में दोनों का तलाक हो गया था, लेकिन अपने बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए दोनों आज भी बहुत अच्छे दोस्त हैं। सुजैन खान इस समय अभिनेता अरसलान गोनी को डेट कर रही हैं। खास बात यह है कि ऋतिक-सबा और सुजैन-अरसलान के बीच बहुत दोस्ती है और ये सभी अक्सर एक साथ भी छुट्टियां बिताते हैं।*

### आगामी फिल्म

*ऋतिक रोशन को हाल ही में फिल्म अल्फा में एक कैमियो में देखा गया था। वहीं, सबा आजाद हाल ही में बॉबी देओल की फिल्म बंदर में नजर आई थीं। ऋतिक जल्द ही अपनी फिल्म कृष 4 में नजर आएंगे। ऋतिक इस फिल्म में अभिनय के साथ ही इसका निर्देशन भी करेंगे।*

# नशे के इंजेक्शन के साथ दो तस्करों को दबोचा, मुकदमा

किच्छा

हमारे संवाददाता

जनपद में अवैध नशे का कारोबार चलाने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस पुलिस ने दोनों लोगों को प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी। एसएसपी अजय गणपति के निर्देशन में जिले में अवैध कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी एवं सीओ सितारगंज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक किच्छा व वरिष्ठ उपनिरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस क्षेत्र में अभियान के तहत चैकिंग कर रही। पुलिस रेलवे पटरी की तरफ पहुंची तो दो लोग पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने दोनों को संदेह होने पर घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपने नाम शिवकुमार निवासी पुराने गल्ला मंडी किच्छा, सूरज निवासी पंजाबी मोहल्ला वार्ड नंबर 16 किच्छा बताया। पुलिस ने दोनों के पास से नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए। पुलिस जांच कर रही है, बरामद इंजेक्शन कहां खरीद कर लाए हैं। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया है और कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नशा तस्करी करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक संतोष उप्रेती,कांस्टेबल देवराज सिंह,कांस्टेबल बृजमोहन सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।



## News कॉर्नर

### बारिश के बाद बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की भीड़

नैनीताल। मौसम में बदलाव और लगातार हो रही बारिश के बाद बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की संखया बढ़ गई है। सोमवार को अस्पताल की ओपीडी में कुल 600 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें सर्दी, जुकाम, बुखार, वायरल संक्रमण और अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संखया अधिक रही। अस्पताल के वरिष्ठ फि जिशियन डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि बारिश में भीगने और कोहरे के कारण लोगों में सर्दी, जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मौसम में अचानक बदलाव का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से बारिश में भीगने से बचनेए भीगने पर तुरंत सूखे कपड़े पहनने, गर्म पेय पदार्थों का सेवन करने तथा संतुलित आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि बुखार, खांसी या अन्य लक्षण लगातार बने रहें तो स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

### आज कुविवि में बीएससी प्रथम सेमेस्टर प्रवेश हेतु डेटा संशोधन का अंतिम अवसर

नैनीताल । कुमाऊँ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएससी प्रथम सेमेस्टर (गणित एवं जीव विज्ञान वर्ग) में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. संजय पंत ने बताया कि प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल विद्यार्थियों के डेटा संशोधन (करेकशन) के लिए 13 एवं 14 जुलाई को खोला गया है। कहा कि जिन अभयर्थियों को अपने आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन करना है वे निर्धारित तिथियों के भीतर पोर्टल पर आवश्यक सुधार कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को अभयर्थियों की वरीयता सूची (मेरिट/प्रेफरेंस लिस्ट) जारी की जाएगी।

# आशा वर्कर्स को कर्मचारी का दर्जा और 11,500 मानदेय देने की मांग तेज

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

आशा वर्कर्स को कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम वेतन, पेंशन और सम्मानजनक सामाजिक सुरक्षा देने की मांग एक बार फिर जोर-शोर से उठी। ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की ब्लॉक स्तरीय बैठक में वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर आशाओं की लगातार उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ मानी जाने वाली आशा कार्यकर्ताओं से दिन-रात काम लिया जा रहा है, लेकिन उन्हें आज भी सम्मानजनक मानदेय और कर्मचारी अधिकारों से वंचित रखा गया है। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए दिल्ली आशा कामगार यूनियन की राज्य सचिव एवं स्कीम वर्कर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्वेता राज ने कहा कि




कोविड-19 महामारी के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने आशा वर्कर्स की भूमिका की सराहना की थी। इसके बावजूद सरकारों ने उन्हें स्थायी कर्मचारी का दर्जा देने के बजाय काम का बोझ लगातार बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि आशाओं को न्यूनतम वेतन, पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं से वंचित रखना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि एक ओर सांसदों और विधायकों के वेतन-भत्ते तथा पेंशन लगातार बढ़ाई जा रही है, जबकि दूसरी ओर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से लेकर टीकाकरण और स्वास्थ्य विभाग की तमाम योजनाओं का जिम्मा संभालने वाली आशा कार्यकर्ताओं को दैनिक मजदूर से भी कम पारिश्रमिक दिया जा रहा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से बजट में पर्याप्त प्रावधान कर आशा वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने और उन्हें सम्मानजनक जीवन देने की मांग की। आगामी संसद के मानसून सत्र में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग का भी समर्थन किया। महिला संगठन ऐपवा की उत्तराखण्ड संयोजक डॉ. शिवानी पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं को बिना किसी शर्त के 2029 के लोकसभा चुनाव और उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। ऐक्टू नेता डॉ. कैलाश पाण्डेय ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आशा जैसी महिला कामगारों का आर्थिक शोषण कर रही है और उनसे बंधुआ मजदूरों की तरह काम लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान की बात करने वाली सरकार का महिला श्रमिकों के प्रति यह रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ब्लॉक अध्यक्ष रिंकी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 31 अगस्त 2021 को खटीमा में आशा प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के दौरान मासिक मानदेय तय करने और डीजी हेल्थ उत्तराखंड के प्रस्ताव के अनुसार प्रतिमाह 11,500 मानदेय देने का जो वादा किया गया था, उसे तत्काल लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आशा वर्कर्स आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगी। बैठक में श्वेता राज, डॉ. शिवानी पाण्डेय, डॉ. कैलाश पाण्डेय, रिंकी जोशी, रीना आर्य, सरोज रावत, दीपा आर्य, प्रीति रावत, अनीता अन्ना, मनीषा आर्य, मीनू चौहान, गीता देवी, शीला, सायमा सिद्दीकी, पूनम नेगी, मंजू रावत, गीता बोरा, सरिता साहू, गीता जोशी, पुष्पा राजभर, तबस्सुम, राबिया, फातिमा, मुमताज, शोभा, सपना, भगवती पांडेय, कमला गोस्वामी, जानकी थापा, रमा भट्ट, पुष्पा, रेखा चौधरी, तुलसी आर्य सहित बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स मौजूद रहीं।

# स्मैक के साथ युवती और 144 पव्वे शराब सहित युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

युवा पीढ़ी को नशे की दलदल में धकेलने वाले तस्करों के खिलाफ पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। चिंताजनक बात यह है कि अब इस अवैध कारोबार में महिलाओं की भागीदारी भी सामने आने लगी है। बनभूलपुरा पुलिस ने एक ही दिन में दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए स्मैक के साथ एक युवती और भारी मात्रा में अवैध शराब ले जा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर नशा तस्करों को कड़ा संदेश दिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। अभियान के दौरान पुलिस ने सबसे पहले गौला पार्किंग स्थित सज्जाद की झोपड़ी के पास संदिग्ध गतिविधियों में शामिल एक युवती को रोककर उसकी तलाशी ली।



तलाशी के दौरान युवती के कब्जे से 10.26 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने पुलिस को अपना नाम शहनाज निवासी 13 बीघा, इंद्रानगर, बताया पुलिस ने तत्काल आरोपी युवती को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि स्मैक की खेप उसे कहां से मिली और वह इसे किन लोगों तक पहुंचाने वाली थी। साथ ही उसके संभावित नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने गौला पुल क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्कूटी संख्या यूके04 एटी 4457 को रोककर तलाशी ली गई। स्कूटी में रखे कट्टे से तीन पेटियों में 144 पव्वे मसालेदार (माल्टा) शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान नीरज जोशी, निवासी हीरानगर, मुखानी मूल निवासी अल्मोड़ के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। दोनों आरोपियों को कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। नशे का कारोबार करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# हिमालयन बॉटनीकल गार्डन में मिला दुर्लभ व्हाइट लिप्ड पिट वाइपर

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

हिमालयन बॉटनीकल गार्डन में दुर्लभ प्रजाति का व्हाइट लिप्ड पिट वाइपर सांप दिखाई दिया। वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने इसे सुरक्षित पकड़कर संरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

सोमवार को बॉटनीकल गार्डन में झाड़ियों की सफ ई के दौरान कर्मचारियों की नजर हरे रंग के इस दुर्लभ और विषैले सांप पर पड़ी। सूचना मिलने पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक सांप को पकड़कर रिहायशी क्षेत्र से दूर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। वन बीट अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि व्हाइट लिप्ड पिट वाइपर आमतौर पर हिमालयी क्षेत्रों और दक्षिण.पूर्व एशिया में पाया जाता है।

उन्होंने कहा कि बॉटनीकल गार्डन में इस प्रजाति का सांप पहली बार देखा गया है। उन्होंने बताया कि यह सांप हरे चमकदार रंग का होता है और इसकी लंबाई लगभग दो से तीन फीट तक होती है। इसका वैज्ञानिक नाम ट्राइमेरेसुरस अल्बोलाब्रिस है।



यह मुख्य रूप से पेड़ों और झाड़ियों में रहने वाला निशाचर (रात्रिचर) जीव है। इसके सिर का आकार छोटा होता है तथा इसकी पहचान हेड स्केलेशन और सफेद होंठों (व्हाइट लिप) से की जाती है।

अरविंद कुमार ने बताया कि यह हेमोटॉक्सिक विष वाला जहरीला सांप है जिसका विष मुखय रूप से रक्त और ऊतकों को प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं सांप दिखाई दे तो उसे पकड़ने या मारने का प्रयास न करें बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा दल ली हिमालय बचाने की शपथ

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के तृतीय दल के यात्रियों का सोमवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में निगम के पूर्व प्रबंधक दिनेश गुरुरानी द्वारा हिमालय बचाओ अभियान के तहत उच्च हिमालई क्षेत्र में पॉलीथिन, प्लास्टिक व रैपर सहित किसी भी पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली सामग्री का प्रयोग न करने व हिमालय को कूड़ा मुक्त बनाने के तहत हिमालय से पड़े हुए कूड़े को इकट्ठा कर लाकर धारचूला में निस्तारण करने की शपथ दिलाई।

बता दें दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य मे चलाए जा रहे हैं अनूठे पौधारोपण अभियान के 728 वें दिन पौधारोपण अभियान से यात्रियों को जोड़ते हुए उन्हें उच्च हिमालय क्षेत्र गुंजी व काला पानी में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए। यात्रियों ने दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि वे पौधारोपण भी करेंगे और हिमालय में पड़े हुए कूड़े को इकट्ठा कर उसका निस्तारण भी करेंगे । यात्रा पूरी करने के उपरांत अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। दिनेश गुरु रानी द्वारा पहली बार कुमाऊं मंडल विकास निगम के कुक जो कैलाश यात्रा में जा रहे हैं उन्हें भी पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए कालापानी में पौधा रोपण हेतु पौधे दिए । इस साल में कुमाऊं मंडल विकास निगम के तीन कुक सुंदर गोस्वामी, प्रहलाद सिंह व गौरव कुमार जा रहे हैं वहीं यात्रा दल में 48 यात्री शामिल हैं। यात्री दल का स्वागत करने वालों में कोऑर्डिनेटर कुंदन लाल जौहरी, प्रबंधक प्रकाश भैंसोड़ा, वेद प्रकाश, पद्म सिंह, नरेंद्र थापा, गोपाल, सौरभ व गौरव पांडे सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।



### घर में घुसकर महिला से अभद्रता, जान से मारने की धमकी का आरोप

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र के ग्राम हरिपुर नायक में एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर घर में घुसकर अभद्रता, गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

मामले में पीड़िता ने मुखानी थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। गांव का परिचित नीरज पाण्डे उनके घर पहुंचा और उनके पति के बारे में पूछताछ करने लगा।

# सेन्ट लारेन्स में एस्ट्रो पाठशाला लैब का शुभारंभ

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, तार्किक चिंतन एवं अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से सेन्ट लॉरेन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अत्याधुनिक एस्ट्रो पाठशाला लैब का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को गरिमामय एवं प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहित कुमार जोशी, केंद्रीय जन सूचना



अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान अनुसंधान संस्थान, नैनीताल ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अनिल जोशी, डायरेक्टर सुनील जोशी, प्रधानाचार्या अनीता जोशी, एस्ट्रो पाठशाला की टीम, शिक्षकगण, एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विज्ञान, नवाचार एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नई पीढ़ी को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# बिछड़ा बेटा, चार माह बाद परिवार तक पहुंची हल्द्वानी पुलिस की उम्मीद

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

पुलिस की सतर्कता, साइबर तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल और मानवीय संवेदनशीलता ने एक ऐसे परिवार की उम्मीद फिर से जगा दी, जिसका मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटा करीब चार महीने पहले इलाज के दौरान लापता हो गया था।

पुलिस की तत्परता से युवक की पहचान कर उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाई गई, जिसके बाद परिवार ने नैनीताल पुलिस का आभार जताते हुए तत्काल हल्द्वानी पहुंचने की बात कही। राजपुरा स्थित आर्मी कैंट क्षेत्र से नायब सूबेदार पी.सी. प्रधान (यूनिट-301) अपने साथ हवलदार अमर नाथ यादव, हवलदार मूर्ति, लांस नायक बबलू शर्मा और नायक सुभाष कुमार के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति को कोतवाली हल्द्वानी लेकर पहुंचे। सेना के अधिकारियों ने बताया कि उक्त व्यक्ति प्रतिबंधित सैन्य क्षेत्र की दीवार फांदकर अंदर प्रवेश कर गया था, जिसे जवानों ने सतर्कता दिखाते हुए मौके पर ही पकड़ लिया।

कोतवाली पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हुआ और अपना नाम केवल इरफान बता सका। प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के संबंध में भी वह कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विभिन्न गोपनीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर उसकी पहचान और पृष्ठभूमि की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की पुष्टि हुई। अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित कुमार के निर्देशन में पुलिस ने युवक का फोटो लेकर नेटग्रिड और साइबर तकनीक की मदद से उसकी पहचान कराई। जांच में उसकी पहचान इरफान (36 वर्ष), निवासी ग्राम सिगोही, थाना तुलसीपुर, जनपद बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। पहचान होते ही हल्द्वानी पुलिस ने डीसीआर बलरामपुर से संपर्क कर युवक का पूरा विवरण व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा। इसके बाद ग्राम प्रधान और इरफान के परिजनों से संपर्क स्थापित हुआ। परिजनों ने बताया कि करीब साढ़े तीन से चार माह पहले वे इरफान को इलाज के लिए गोरखपुर ले गए थे, जहां वह अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला था। पुलिस से बेटे के सुरक्षित मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने नैनीताल पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे तत्काल हल्द्वानी पहुंचकर इरफान को अपने साथ घर ले जाएंगे। इस सराहनीय कार्य में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रोहताश सिंह सागर और साइबर सेल के कांस्टेबल नरेन्द्र धामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।